हिन्दी संभाग की विभिन्न गतिविधियाँ

प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में दिनांक 16.06.2004 तथा 26.10.2004 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें क्रमशः 15 तथा 19 अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया और उन्हें भारत सरकार की राजभाषा नीति, प्रशासन, लेखा, लेसर, त्वरक आदि विषयों की पर्याप्त जानकारी दी गई।

राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए गठित केट की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 62वीं तथा 63 वीं बैठक क्रमशः दिनांक 09.08.2004 तथा 25.11.2004 को आयोजित की गई। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितम्बर, 2004 को 'नेनो प्रौद्योगिकी' विषय पर 12वीं एक दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक 'स्मारिका' तथा 'प्रगति' के 17 वें अंक का लोकार्पण भी किया गया।

इन्दौर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों की प्रथम छः माही की 40वीं बैठक दिनांक 13.08.2004 को भारत संचार निगम लिमिटेड के सभाकक्ष में केट के निदेशक डॉ. विनोद चन्द्र साहनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में समिति की पत्रिका 'दिशा' के प्रकाशन पर जोर दिया गया।

केट में दिनांक 13.09.2004 से 24.09.2004 तक आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए केट के मुख्य सभागृह में दिनांक 13.12.2004 को पुरस्कार वितरण समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य), शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर ने विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

– जय नारायण सोनी

इस अंक में वर्णित केन्द्र की मुख्य उपलब्धियाँ



प्रकाशिक टोमोग्राफी व्दारा मछली की आँख का चित्रण

निर्माणाधीन सेप्टम चुम्बक



(a) (b) (c) (d)

लेज़र व्दारा यांत्रिक अवयवों का द्रुत उत्पादन

सिन्क्रोट्रॉन के फ्रंट एंड का आदि प्ररुप